Title: Need to set up sports colleges in the country.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर, मेरा तो बहुत छोटा सा प्रश्न है। हिन्दुस्तान में क्रिकेट है, हॉकी है और फुटबाल भी है। इन सारे खेलों को खेलने के लिए खिलाड़ी बाहर जाते हैं। मैं खेल मंत्री महोदय और भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहता हूं कि भारत में कोई भी स्पोर्ट्स कॉलेज कहीं भी नहीं है। यदि भारत में स्पोर्ट्स कॉलेज खुल जाएगा, तो खिलाड़ियों को विजय प्राप्त करने में सहायता मिल सकेगी, उनको ट्रेनिंग मिल सकेगी और उनकी ठीक प्रकार से देखभाल हो सकेगी और उन्हें प्रोत्साहन भी मिल सकेगा। कोचेज और खिलाड़ियों को सभी प्रकार के खेलों को सीखने की सुविधा मिलेगी। इसलिए मेरा निवेदन है कि भारत सरकार देश के प्रत्येक राज्य की राजधानी और हर जिले में इस प्रकार के स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करे।

सभापति जी, जयपुर शहर, जो राजस्थान की राजधानी है, वहां और राजस्थान के प्रत्येक जिले में यदि स्पोर्ट्स कॉलेज खुल जाएंगे, तो गांवों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। अतः मेरा निवेदन है कि भारत सरकार जयपुर में एक स्पोर्ट्स कॉलेज खोले और जिला स्तर पर छोटे-छोटे उपकेन्द्र खोले। इससे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग भी मिलेगी और उन्हें खेलों को सीखने और खेलने हेतु प्रोत्साहन भी मिलेगा। â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please address the Chair and not the hon. Member.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : सभापति जी, मैं केवल राजस्थान की ही नहीं बल्कि पूरे भारत की बात कह रहा हूं कि पूरे भारत के हर राज्य की राजधानी में स्पोर्ट्स कॉलेज खोले जाएं और जिले के केन्द्र पर उनके उपकेन्द्र खोले जाएं ताकि शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाके के खिलाड़ियों को भी खेलों को सीखने, विधिवत् ट्रेनिंग लेने और खेलने के अवसर प्राप्त हो सकें।

मैं चाहता हूं कि बिहार में और पटना के साथ-साथ हर राज्य की राजधानी और जिले के केन्द्र में भारत सरकार स्पोर्ट्स कॉलेज खोले, उसके उपकेन्द्र खोले। मेरी यही प्रार्थना है। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे आशा है कि भविय में भी आप मेरा ध्यान रखेंगे और मुझे इसी प्रकार से समय देते रहेंगे। इसी उम्मीद के साथ मैं आपको नमस्कार करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।